Printed Pages – 4

# J-54

## B.A. (Part-II) (Old Course)
## Examination, 2021
## HINDI LITERATURE
### Paper - II
### (हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** प्रत्येक इकाई से प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

**इकाई–I**

**Q. 1.** निम्नलिखित में से किन्हीं तीन गद्यांश की व्याख्या कीजिए : **7×3=21**

(क) लोभ पाप का मूल है, लोभ मिटावत मान।
लोभ कभी नहीं कीजिए, यामे नरक निदान।

(ख) क्रोध शांति भंग करने वाला मनोविकार है। एक का क्रोध दूसरे में भी क्रोध का संचार करता है। जिसके प्रति क्रोध प्रदर्शन होता है वह तत्काल अपमान अनुभव करता है और इस दुःख पर उसकी भी त्योरी चढ़ जाती है। यह विचार करने वाले बहुत थोड़े निकलते हैं कि हम पर जो क्रोध प्रकट किया जा रहा है वह उचित है या अनुचित।





(ग) मेरी विडम्बना यह है कि शहरों में रहते और घूमते बरसों बीत गए। अपने आलोचक मित्र की जागरूकता लेकर तो नहीं पर कमोबेश मैंने भी दूर दिगंत नापे, कई रंगतें देखीं, कई आवाजें सुनीं पर वर्तमान में तिरकर भी वर्तमान को अपनी जीविका नहीं बना सका।

(घ) कपड़ा पहिनते-पहिनते छोटा हो जाता है यह मैं भूल चुका था। कई सालों में ऐसी घटना ही नहीं घटी थी। मैं उनमें से नहीं रहा जो इस साल पैंट सिलवाते हैं और अगले ही साल उसे पत्नी की पुरानी साड़ी की किनार से बांधने लगते हैं।

**इकाई–II**

**Q. 2.** अंधेर-नगरी नाटक का तत्वों के आधार पर समीक्षा कीजिए। **12**

**अथवा**

'उस अमराई ने राम-राम कही है' निबंध की समीक्षा कीजिए।

**इकाई–III**

**Q. 3.** 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी की समीक्षा कीजिए। **12**

**अथवा**

स्ट्राइक एकांकी का सारांश लिखिए।

## इकाई–IV

**Q. 4.** निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×3=15**

(1) राहुल सांकृत्यायन की पाँच रचनाओं के नाम लिखिए।

(2) मम्मी का चरित्र चित्रण कीजिए।

(3) महादेवी वर्मा की तीन रचनाएँ लिखिए।

(4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का साहित्यिक परिचय लिखिए।

(5) औरंगजेब का चरित्र चित्रण लिखिए।

## इकाई–V

**Q. 5.** निम्नलिखित में से 15 प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : **15×1=15**

(1) बेईमानी की परत किसकी रचना है ?

(2) क्रोध निबंध के निबंधकार कौन हैं ?

(3) स्ट्राइक एकांकी के एकांकीकार कौन हैं ?

(4) रामचन्द्र किस एकांकी के पात्र हैं ?

(5) चरण दास चोर के लेखक कौन हैं ?

(6) मेरी यूरोप यात्रा के लेखक कौन हैं ?

(7) श्रृंखला की कड़ियाँ किसने लिखा है ?





(8) चिंतामणि में किसके निबंध संग्रहित हैं ?

(9) नारायण दास किस नाटक के पात्र हैं ?

(10) सुंदर लाल किस एकांकी के पात्र हैं ?

(11) महादेवी वर्मा का जन्म कहाँ हुआ ?

(12) रामचन्द्र शुक्ल के निबंध का नाम लिखिए ?

(13) राजो किस एकांकी की पात्र है ?

(14) अंधेर नगरी नाटक के लेखक कौन हैं ?

(15) निरंजन किस एकांकी के पात्र हैं ?

(16) शीला किस एकांकी की पात्र है ?

(17) बहादुर किस एकांकी के पात्र हैं ?

(18) महंत के शिष्य का नाम लिखिए ?

(19) औरंगजेब की पुत्री का नाम लिखिए ?

(20) अंधेर नगरी नाटक के प्रमुख पात्र का नाम लिखिए ?

# JN-54

## B.A. (Part-II) (New Course) Examination, 2021

## HINDI LITERATURE

### Paper - II

### (हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

**इकाई–I**

**Q. 1.** निम्नलिखित पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **21**

(क) ''जात ले जात, टके सेर जात। एक टका दो, हम अभी अपनी जात बेचते हैं। टके के वास्ते ब्राह्मण से धोबी हो जायें और धोबी को ब्राह्मण कर दें, टके के वास्ते जैसी कहो वैसी व्यवस्था दें। टके के वास्ते झूठ को सच करें। टके के वास्ते ब्राह्मण से मुसलमान, टके के वास्ते हिन्दू से क्रिस्तान। टके के वास्ते धर्म और प्रतिष्ठा दोनों बेचें, टके के वास्ते झूठी गवाही दें। टके के वास्ते पाप को





पुण्य मानें, टके के वास्ते नीच को भी पितामह बतावें। वेद-धर्म कुल मरजादा सच्चाई-बड़ाई सब टके ससेर। लुटाय दिया अनमोल माल, ले टके सेरा।''

**अथवा**

''क्रोध शान्ति भंग करने वाला मनोविकार है। एक का क्रोध दूसरे में भी क्रोध का संचार करता है। जिसके प्रति क्रोध प्रदर्शन होता है वह तत्काल अपमान का अनुभव करता है और इस दुःख पर उसकी भी त्योरी चढ़ जाती है। यह विचार करने वाले बहुत थोड़े निकलते हैं कि हम पर जो क्रोध प्रकट किया जा रहा है, वह उचित है या अनुचित। इसी से धर्म, नीति और शिष्टाचार तीनों के क्रोध के निरोध का उपदेश पाया जाता है। संत लोग तो खलों के वचन सहते ही हैं, दुनियादार लोग भी न जाने कितनी ऊँची-नीची पचाते रहते हैं। सभ्यता के व्यवहार में भी क्रोध के चिह्न दबाये जाते हैं। इस प्रकार का प्रतिबंध समाज की सुख-शांति के लिए बहुत आवश्यक है।''

(ख) "अपने देश के तरुण साहित्यकारों से मेरा अनुरोध है कि वे अपने देश को उसके समस्त गुण-दोषों के साथ देखें और ऐसे साहित्य की सृष्टि करें जो इस जीर्ण देश में ऐसे नवीन अमृत का संचार करे कि वह एक दृढ़चेत्ता व्यक्ति की भाँति संसार से घृणा और अन्याय मिटा देने के लिए उठा खड़ा हो।"

**अथवा**

"मेरे दोस्त ने बताया कि जिनकी तोदें इन 17 सालों में बढ़ी हैं, जिनके चेहरे सुर्ख हुए हैं, जिनके शरीर पर माँस आया है, जिनकी चर्बी बढ़ी है उनके भोजन का एक प्रयोगशाला में विश्लेषण करने पर पता चला है कि, वे अनाज नहीं खाते थे, चन्दा, घूस, काला पैसा, दूसरे की मेहनत का पैसा या पराया धन खाते थे। इसलिए जब कोई मोटा होता दिखता है, तो सवाल उठते हैं। कोई विश्वास नहीं करता कि आदमी अपनी मेहनत का पैसा कमाकर भी मोटा हो सकता है।"





(ग) भाई जान शादी एक गहरी समस्या है। आप उसके साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। मैं पूछता हूँ आप फैक्ट्री में तो हर तरह का विज्ञान, कानून, विशिष्ट ज्ञान लगाते हैं। फिर क्या कारण है कि जीवन को ऐसे परमात्मा के भरोसे छोड़ दिया जाए कि उसमें आदमी की सस्ती से सस्ती और निकम्मी से निकम्मी शक्तियाँ ही सिर्फ काम में लायी जायँ। आप कहते हैं, मैं औरत को समझ नहीं पाता। जनाब यह सब कोरी बातें हैं, बातें। समझने की क्या जरूरत है ? मशीन की एक पुली दूसरी पुली को नापने, जोखने, समझने नहीं जाती। स्त्री-पुरुष तो मशीन के दो पुरजे हैं - दो।

**अथवा**

जी हाँ, मास्टर साहब ! आप लोगों ने तो हम पर फूल बरसा दिये। हम सीधे हैं, तभी तुम्हारी नजरों में हम गन्दे और बदतमीज हैं। जादू-टोना डालते हैं हम, लेकिन एक बार फिर से सोच लो मास्टर साहब, अपनी जिन्दगी

के बारे में। जो तुम जी रहे हो, वह तुम्हारी जिन्दगी नहीं है, नकल है, नाटक है, दिखावा है।

**इकाई–II**

**Q. 2.** (क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कृति 'अन्धेर नगरी' से क्या शिक्षा मिलती है। इस रचना की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। **6**

**अथवा**

अन्धेर नगरी की नाटकीय विशेषताओं के आधार पर समीक्षा कीजिए।

(ख) क्रोध, बैर, अमर्ष एवं चिड़चिड़ाहट का भेद स्पष्ट करते हुए क्रोध की सामाजिक उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। **6**

**अथवा**

''उस अमराई ने राम-राम कही है'' निबन्ध में निहित लेखक के मौलिक विचारों का उल्लेख कीजिए।





**इकाई–III**

**Q. 3.** (क) एकांकी शिल्प विधान की दृष्टि से राम कुमार वर्मा कृत एकांकी 'औरंगजेब की आखिरी रात' की समीक्षा कीजिए। **6**

**अथवा**

'स्ट्राइक' एकांकी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ख) ''एक दिन'' एकांकी में भारतीय आदर्श की प्रतिष्ठा की गई है।'' स्पष्ट कीजिए। **6**

**अथवा**

तात्त्विक दृष्टि से 'मम्मी ठकुराइन' एकांकी की आलोचना कीजिए।

**इकाई–IV**

**Q. 4.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : **15**

(क) राहुल सांकृत्यायन की साहित्यिक देन क्या है ?

**अथवा**

राहुल सांकृत्यायन के यात्रा दर्शन पर प्रकाश डालिए।

(ख) ''महादेवी वर्मा की गद्य रचनाएँ एवं भाषा-शैली पर टिप्पणी लिखिए।

**अथवा**

महादेवी वर्मा जी किस प्रकार करूणा की साक्षात् मूर्ति थीं। स्पष्ट कीजिए।

(ग) हबीब तनवीर के प्रसिद्ध नाटक 'चरनदास चोर' के बारे में पाँच पंक्तियाँ लिखिए।

**अथवा**

हबीब तनवीर की साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए।

**इकाई–V**

**Q. 5.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति लघु उत्तर लिखिए (कोई 15) : **15**

(i) महन्त जी के शिष्य का नाम लिखिये।

(ii) हिन्दी के प्रथम नाटक का क्या नाम है ?

(iii) 'क्रोध' निबन्ध किस प्रकार का निबन्ध है ?

(iv) 'सरस्वती पत्रिका' का सम्पादन किसके द्वारा हुआ ?

(v) 'उस अमराई ने राम-राम कही है' के लेखक का नाम लिखिए।

(vi) हरिशंकर परसाई की ख्याति साहित्य के किस क्षेत्र में है।

(vii) 'स्ट्राइक' के प्रमुख पुरुष पात्र का नाम लिखिए।

(viii) 'दस हजार' नामक एकांकी के लेखक का नाम लिखिए।





(ix) 'औरंगजेब की आखिरी रात' के किसी नारी पात्र का नाम लिखिए।

(x) टिकट बाबू कौन हैं ?

(xi) घुमक्कड़ी धर्म को दुनिया का सबसे बड़ा धर्म कौन मानते हैं ?

(xii) 'ओ विभावरी' गीत के रचयिता कौन हैं ?

(xiii) 'अमराई' से जुड़ने का अर्थ किससे जुड़ना होता है।

(xiv) राहुल सांकृत्यायन के बचपन का नाम क्या था ?

(xv) हिन्दी एकांकी के प्रमुख तत्त्व कितने हैं ?

(xvi) नव जागरण का अग्रदूत किसे कहा जाता है ?

(vii) शीला किस एकांकी की नायिका हैं ?

(viii) डॉ. विद्यानिवास मिश्र को कौन सा अलंकरण प्राप्त है।

(xviii) भारतेन्दु के पत्र-पत्रिकाओं का नाम बताइये।

(xx) 'अतीत के चलचित्र' किनकी रचना है ?